आईआईएम रांची में 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की शुरुआत

पहले बैच में देशभर के 120 स्टूडेंट्स का एडमिशन हुआ

सिटी रिपोर्टर. रांची

आईआईएम रांची में सोमवार को 5 वर्षीय मैनेजमेंट इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की शुरुआत हुई। पहले बैच में 120 स्टूडेंट्स हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री सुभाष सरकार, आईआईएम रांची के चेयरपर्सन बोर्ड ऑफ गवर्नर्स प्रवीण शंकर पांड्या, आईआईएम के डायरेक्टर प्रो. शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। प्रो. शैलेंद्र ने कहा कि जब आईआईएम रांची शुरू हुआ, तब एक कोर्स में 44 स्टूडेंट्स थे। 11 वर्षों में अब संस्थान में 7 प्रोग्राम कोर्स चलते हैं, जिसमें एक हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स पढ़ाई कर रहे हैं। लगातार एनआईआरएफ स्कोर और रैंकिंग में वृद्धि कर रहा है। मुख्य अतिथि ने कहा कि आप भविष्य के बिजनेस लीडर्स हैं, आपका कर्तव्य है कि भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। उन्होंने कहा कि इस नए इंटीग्रेटेड कोर्स में आधी छात्राएं हैं। इससे लड़कियां बिजनेस मैनेजर व लीडर्स के क्षेत्र में ज्यादा करियर बनाएंगी। नौकरी तलाशने वाले बनने के बजाय नौकरी देने वाले बनें। यह कार्यक्रम ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड पर आयोजित हुआ। नए स्टूडेंट्स का अभी इंडक्शन प्रोग्राम चलेगा। फिर ऑनलाइन क्लास की शुरुआत होगी। 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स में 12वीं पास छात्रों का एंट्रेंस टेस्ट से एडमिशन हुआ है।

Dainik Bhaskar, 19.10.2021, Pg. 04